# बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि०,

( बिहार सरकार का उपक्रम )

पाठ्य पुस्तक भवन, बुद्ध मार्ग, पटना–1

फोनः 2221975, 2222783, 2223533, 2205730 फैक्सः 0612–2236388 Email: textbookmd@gmail.com,


पत्रांक ................................../ दिनांक...............................

विज्ञापन संख्या– **Manpower/** BSTBPC/2322/09 दिनांक **08.08.2018**

## दैनिक मजदूर की सेवा उपलब्ध कराने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

ख्याति प्राप्त एवं अनुभवी मैनपावर एजेंसियों जो श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार में निबंधित हो, तथा जिन्हें संबंधित क्षेत्र में कम–से–कम तीन वर्ष का अनुभव हो तथा जिनका वार्षिक टर्न ओवर विगत् तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष कम–से–कम **रू0 50.00 लाख** या उससे अधिक हो से एक वर्ष के लिए मजदूर की सेवा उपलब्ध कराने हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का विवरण | बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन निगम, लिमिटेड के पटना स्थित सभी गोदामों में दैनिक मजदूर की सेवा उपलब्ध कराना |
| मजदूरो की आवश्यकता | (1) दैनिक मजदूर– 10 (+आवश्यकतानुसार) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू0 1000/-+12% tax total Rs. 1,120/- (एक हजार एक सौ बीस रूपये मात्र) जिसे लौटाया नहीं जायेगा।(यह नगद राशि से प्राप्त की जायेगी।) |
| निविदा प्रपत्र निर्गत करने की तिथि | 10.08.2018 से 31.08.2018 |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 31.08.2018 अपराह्न 3.00 बजे तक |
| निविदा के साथ अग्रधन की राशि | रू0 50,000 (पचास हजार रूपये का बैंक ड्राफ्ट, जो बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के नाम से पटना में देय होगा। |

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 3.00 बजे अपराह्न तक बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, बुद्ध मार्ग, पटना–800001, मुख्यालय पटना में नगद भुगतान के साथ प्राप्त किया जा सकता है। निविदा सूचना निगम के वेबसाइट www.bstbpc.gov.in पर भी देखा जा सकता हैं।

निविदा प्रपत्र दो भागों में (तकनीकी एवं वित्तीय) अलग–अलग प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, पाठ्य पुस्तक भवन, बुद्ध मार्ग, पटना–800001 के कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय तक जमा होना चाहिए। प्राप्त निविदाएँ **दिनांक 31.08.2018 को अपराह्न 4.00 बजे** निविदादाता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी।

डाक के द्वारा निविदा प्रपत्र निर्गत नहीं किया जाएगा। अधोहस्ताक्षरी को निविदा की प्राप्ति या खोलने की तिथि को परिवर्तित करने तथा निविदा को आंशिक/पूर्णतया स्वीकृत या अस्वीकृत या स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। विस्तृत जानकारी निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

प्रबंध निदेशक

# दैनिक मजदूर की
# सेवा उपलब्ध कराने हेतु निविदा की शर्तें

(क) **तकनीकी शर्ते (लिफाफा संख्या–I) :** निविदादाताओं के लिए लिफाफा सं0– 1 में

1) निविदा प्रपत्र का मूल्य– रू. 1,120/– का मूल रसीद लगाना अनिवार्य है।

2) अग्रधन की राशि – रू. 50,000/– (पचास हजार रूपये) का बैंक ड्राफट जो **"बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कारपोरेशन लि0, पटना"** के नाम भुगतेय हो एवं राष्ट्रीयकृत बैक से निर्गत हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

3) निविदादाता एजेन्सी का मैन पावर एजेन्सी के रूप में सम्बन्धित क्षेत्र में कम से कम तीन साल के कार्य का अनुभव होना अनिवार्य होगा। सरकारी सेवा में कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी। साक्ष्य के रूप में तीन वर्षो के कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

4) P.F Registration - की छायाप्रति की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक है।

5) ESIC Registration- की छायाप्रति की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक है।

6) G.S.T. Registration - की छायाप्रति की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक है।

7) PAN - की छायाप्रति की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक है।

8) Income Tax Return (Last three Financial years(Previous year) i.e. 2014-15, 2015-16 & 2016-17) - की छायाप्रति की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक है।

9) मैन पावर एजेन्सी का विगत तीन वर्षो के प्रत्येक वर्ष वार्षिक टर्न–ओवर रू. 50.00 (पचास) लाख या उससे अधिक होना अनिवार्य होगा। साक्ष्य के रूप में विगत तीन वर्षो के अंकेक्षित लेखा विवरणी को अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

10) मैन पावर एजेन्सी का काली सूची में नहीं होने से संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

11) मैन पावर एजेन्सी के विरूद्व कोई भी अपराधिक मामला नहीं होने से संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

12) श्रम संसाधन विभाग द्वारा निर्गत निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति का अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

13) निविदादाता को निम्न प्रपत्र में अन्डरटेकिंग संलग्न करना अनिवार्य है –

(क) मेरे द्वारा टेण्डर नियमावली एवं अन्य नियम एवं शर्तें अच्छी तरह पढ़ने/समझने के उपरान्त यह आवेदन दिया जा रहा है। निगम द्वारा निर्धारित सभी नियमों/शर्तों के अनुसार आवंटित कार्य की संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन देता हूँ।

निविदादाता का हस्ताक्षर

(ख) मेरे द्वारा इस आवेदन में भरे गये सभी तथ्य/संलग्न अभिलेख अथवा प्रमाण–पत्र मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। निविदा में किसी भी स्तर पर इन्हें गलत पाये जाने पर निगम यथोचित आवश्यक कार्रवाई करने हेतु स्वतंत्र होगें।

निविदादाता का हस्ताक्षर

उपर्युक्त तकनीकी शर्त्तो का पूरा करने वाले निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

(ख) <u>वित्तीय निविदा की शर्त्तेः–</u>

1) निविदादाता द्वारा दिया गया दैनिक मजदूरी का दर सभी कर/सेवा शुल्क सहित आठ घन्टा प्रतिदिन प्रति मजदूर के आधार पर अंको एवं शब्दों में अंकित करना अनिवार्य होगा।

2) अंकित दर के अलावे किसी प्रकार की अन्य राशि देय नहीं होगी।

3) अंकित दर न्यूनतम एक वर्ष के लिए मान्य होगा।

<u>निविदा की अन्य शर्त्तेः–</u>

1) वित्तीय निविदा में सफल न्यूनतम दर वाले निविदादाता को प्रथम साल की स्वीकृत बीड राशि के आधार पर न्यूनतम राशि का 10% राशि जमानत के रूप में Bank Draft जो **"बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि0"** के पक्ष में हो, जमा करना अनिवार्य होगा।

2) दोनों पक्षों की सहमति के उपरान्त चयनित मैनपावर एजेंसी द्वारा दैनिक मजदूरों की सेवा एक वर्ष की अवधि के लिए एकरारनामा के पश्चात मान्य होगा।

3) **मैनपावर एजेंसी** द्वारा आठ–आठ घंटे के लिए मजदूरों को उपलब्ध कराया जायेगा, जो प्रबन्धक (कार्मिक एवं प्रशासन) के अधीन कार्य करेंगे एवं इनके निर्देशों का पालन करेंगे। प्रत्येक दैनिक कर्मी लगातार आठ घंटे से अधिक की डयूटी का निर्वाहन विशेष परिस्थिति को छोड़कर नहीं करेंगे।

4) **मैनपावर एजेंसी** के द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले मजदूर यथासंभव अपने कार्य में दक्ष होगें एवं पचीस से पचास वर्ष की आयु–सीमा के बीच में होंगे।

5) **मैनपावर एजेंसी** द्वारा दैनिक मजदूरों की सेवा आवश्यकतानुसार/निर्देशानुसार ससमय उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें व्यवधान तथा वांछित गुणवत्ता में ह्रास की स्थिति में **मैनपावर एजेंसी** के उत्तरदायित्व एवं लागत पर निगम वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु स्वतंत्र होगी एवं **मैनपावर एजेंसी** के स्वीकृत दर से अधिक दर का भी भुगतान/मुआवजा यदि निगम को भुगतान करना पड़ता है, तो इसकी भी वसूली **मैनपावर एजेंसी** के विपत्र से निगम कर लेगी। इस हेतु प्रावधान के अन्तर्गत समुचित मुआवजा प्राप्त करने अथवा कार्यादेश रद्द करने हेतु निगम स्वतंत्र होगी।

6) **मैनपावर एजेंसी** को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से कार्य का उपावंटन करने का अधिकार नहीं होगा।

7) **मैनपावर एजेंसी** द्वारा कार्यो के निमित रखे गये मजदूरों का व्यवहार एवं चरित्र उत्तम कोटि का हो, यह निश्चित करना होगा।

8) प्रबन्ध निदेशक, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि0, अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी को मैनपावर एजेंसी के द्वारा नियुक्त दैनिक मजदूरों द्वारा आवंटित वर्णित कार्य क्षेत्र के परिसर में कोई प्रतिबंधित व्यवसाय का संचालन किया जा रहा है या नहीं के निरीक्षण का अधिकार होगा।

9) **मैनपावर एजेंसी** अथवा उसके कर्मियों के द्वारा कार्यरत स्थल में किसी प्रकार के गैर कानूनी अथवा प्रतिबन्धित कार्य नहीं किया जायेगा। ऐसी परिस्थिति में निगम के द्वारा कार्यादेश रद्द कर दिया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार यथोचित वैधानिक कारवाई भी निगम द्वारा की जा सकती है।

10) **मैनपावर एजेंसी** के द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे मजदूरों द्वारा पूरी निष्ठा एवं नियमों के अनुरूप आवंटित अवधि के लिए कार्य किया जायेगा।

11) **मैनपावर एजेंसी** द्वारा कार्यों के निमित रखे गये मजदूर निगम के कार्मिक नहीं कहलायेंगे, **मैनपावर एजेंसी** की यह जिम्मेवारी होगी कि अपने अधीनस्थ रखे गये मजदूरों को श्रम कानून के अन्तर्गत निर्धारित अर्हतायें पूरा करेंगे। इसकी पूरी जबावदेही **मैनपावर एजेंसी** की होगी। उससे सम्बन्धित सभी प्रकार के वैधानिक शुल्क की राशि **मैनपावर एजेंसी** के द्वारा सम्बन्धित विभाग में जमा करायी जायेगी। यथासंभव कार्यरत मजदूरों का बीमा भी करानी होगी।

12) **मैनपावर एजेंसी** श्रम कानून से सम्बन्धित सभी नियमों एवं प्रावधानों का कठोरता से पालन करेंगे। श्रम कानून से उठने वाली सभी प्रकार के वादों की पूर्ण जवाबदेही **मैनपावर एजेंसी** की होगी।

13) **मैनपावर एजेंसी** द्वारा कार्यों के निमित रखे गये मजदूरों के व्यवहार लापरवाही, कर्त्तव्यहीनता, Dishonesty आदि के कारण यदि सम्पत्ति को किसी भी प्रकार का नुकसान होता है, तो इसकी पूर्ण भरपाई **मैनपावर एजेंसी** द्वारा की जायेगी।

14) **मैनपावर एजेंसी** के द्वारा प्रत्येक माह के अगले माह के प्रथम सप्ताह तक विपत्र प्रबन्धक (का.एवंप्र.) से प्रमाणित कराकर निगम में समर्पित करेंगे। इन समर्पित विपत्रों पर निगम द्वारा सांविधिक भुगतान की कटौती कर विपत्र का भुगतान किया जायगा।

15) **मैनपावर एजेंसी** द्वारा कार्यों के निमित रखे गये मजदूरों द्वारा उठाये गए किसी भी प्रकार के विवाद, दुर्घटना आदि के विरूद्ध कम्पनसेशन **मैनपावर एजेंसी** द्वारा Workmen's Compensation Act, 1923 या अन्य कोई सरकारी संवैधानिक संस्था के अन्तर्गत **मैनपावर एजेंसी** द्वारा ही किया जायेगा।

16) **मैनपावर एजेंसी** द्वारा श्रम कानून यथा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम एवं अन्य मजदूरी अधिनियम के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा। इसकी पूरी जबावदेही **मैनपावर एजेंसी** की होगी।

17) **मैनपावर एजेंसी** द्वारा किये गये किसी भी शर्त्त के उल्लंघन में निगम निम्नवत रूप से कारवाई करने के लिए स्वतंत्र होगी:–

- ➢ **मैनपावर एजेंसी** का कार्यादेश निगम अर्थात बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि0, रद्द कर देगा।

- ➢ निगम अर्थात बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि0, **मैनपावर एजेंसी** के द्वारा वर्णित सम्पत्ति में रखे सभी सामानों एवं उपस्करों को जब्त कर लिया जायेगा।

18) **मैनपावर एजेंसी** के द्वारा एकरारनामा में शर्त्तों के उल्लघन की अवस्था में अथवा उनके द्वारा किसी प्रकार की जालसाजी एवं गलत सूचना के आधार पर प्राप्त किये गये वर्णित कार्यादेश अथवा पूर्व में किसी फौजदारी मुकदमों में सजा भुगत रहे होने की जानकारी मिलने पर, निगम अर्थात बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि0, के द्वारा **मैनपावर एजेंसी** को नोटिस के उपरान्त कार्यादेश रद्द कर दिया जायेगा एवं **मैनपावर एजेंसी** के द्वारा जमा किये गये सिक्यूरिटी डिपोजिट की राशि को जब्त कर लिया जायेगा।

19) लोकहित में सरकार यदि वर्णित कार्यादेश का अधिग्रहण करना चाहेगी तो वैसी स्थिति में निगम अर्थात बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि0, को **मैनपावर एजेंसी** की सेवा रद्द करने का अधिकार होगा। जिसके लिए कोई क्षतिपूर्त्ति **मैनपावर एजेंसी** को देय नहीं होगा।

20) निगम बिना कोई कारण बताये **मैनपावर एजेंसी** का कार्यादेश रद्द कर सकेगा।

21) **मैनपावर एजेंसी** द्वारा रखे गये मजदूरों का पहचान पत्र निर्गत करना होगा, तथा इसकी सूचना निगम को देनी होगी।

22) किसी भी वाद–विवाद का निपटारा का क्षेत्र श्रम न्यायालय, पटना होगा।

23) उपरोक्त नियमों के पालन के अलावा यदि किसी प्रकार फेरबदल की आवश्कता निगम के व्यवसाय के हित में करना होगा तो उसे भी एजेंसी को पालन करना होगा।

24) **मैनपावर एजेंसी** द्वारा कम–से–कम एक मोबाईल नं0 एवं सेट प्रबन्धक (का. एवं प्र) को उपलब्ध अपने खर्च पर करना होगा।

25) उपरोक्त वर्णित शर्त्तो को पूरा नहीं करने वाले निविदादाता अथवा कार्य आवंटित के उपरान्त उक्त निविदादाता द्वारा उक्त सभी शर्त्तो का पूर्णतया पालन नहीं किया जाता है तो वैसे निविदादाता को कालीसूची में डालते हुए उन पर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

# दैनिक मजदूरों की सेवा उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पत्र

## लिफाफा नं0–I, प्रपत्र 'क' (Technical Bid)

1. निविदा का नाम :–

2. निविदादाता का नाम :–
   पिता का नाम :–

3. वर्त्तमान पता :–
   (दूरभाष सहित)

4. स्थायी पता :–
   (दूरभाष सहित)
   (नोट : स्थायी पता का साक्ष्य अभिप्रमाणित कर संलग्न करें।)

5. अग्रधन की राशि की विवरणी :–
   रकम ..................................D D No..............................दिनांक
   (बिना अग्रधन की राशि के निविदा मान्य नहीं होगी)

6. नन–रिफन्डेबुल राशि (निविदा प्रपत्र क्रय की राशि) :–
   रकम .......................... रसीद नम्बर.............................. दिनांक
   (नगद रूप में जमा करने पर मनी रसीद की छायाप्रति संलग्न करना है।)

7. आवेदन के साथ निम्नांकित आवश्यक अभिलेख/प्रमाण–पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जानी है :–
   1. अग्रधन जमा करने का ड्राफ्ट
      (कागजात संलग्न करें)
   2. निविदा प्रपत्रक्रय की रसीद
   3. E.P.F.कोड नं0 :–
      (निबंधन कागजात संलग्न करें)
   4. E.S.I.कोड नं0 :–
      (निबंधन कागजात संलग्न करें)
   5. मैनपावर एजेन्सी की निबंधन संख्या :–
      (श्रम संसाधन विभाग से निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करें)
   6. जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं0 :–
      (कागजात संलग्न करें)
   7. PAN Card नं0 :–
      (कागजात संलग्न करें)
   8. मैन पावर एजेन्सी के रूप में कार्य करने के अनुभव का तीन वर्षो का प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।
   9. Income Tax Return ((Last three Financial years i.e. 2014-15,2015-16 & 2016-17) - की छायाप्रति की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करे
   10. विगत तीन वर्षो के अंकेक्षित लेखा विवरणी की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

11.मैन पावर एजेन्सी का काली सूची में नहीं होने से संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करें।

12.मैन पावर एजेन्सी के विरूद्ध कोई भी अपराधिक मामला नहीं होने से संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करें।

13. आवेदक की अण्डरटेकिंग

(1) मेरे द्वारा टेण्डर नियमावली एवं अन्य नियम एवं शर्तें अच्छी तरह पढ़ने/समझने के उपरान्त यह आवेदन दिया जा रहा है। निगम द्वारा निर्धारित सभी नियमों/शर्तों के अनुसार आवंटित कार्य की संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन देता हूँ।

(2) मेरे द्वारा इस आवेदन में भरे गये सभी तथ्य/संलग्न अभिलेख अथवा प्रमाण–पत्र मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। निविदा में किसी भी स्तर पर इन्हें गलत पाये जाने पर निगम यथोचित आवश्यक कार्रवाई करने हेतु स्वतंत्र होगें।

दिनांक :– ..............................

आवेदक का हस्ताक्षर एवं मुहर सहित
मोबाईल संख्या–

## दैनिक मजदूर की सेवा उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पत्र लिफाफा नं0–II, प्रपत्र 'ख' (दर) <u>**Financial Bid**</u>

1. निविदा संख्या :–

2. निविदादाता का नाम :–

3. वर्तमान पता :–

4. स्थायी पता :–

   (दूरभाष संख्या सहित)

5. आवेदक द्वारा ऑफर की गई राशि :–

   ➢ दैनिक मजदूर का दर सभी कर/सेवा शुल्क सहित–**(8 घण्टा प्रति मजदूर के आधार पर)** ........................................................................................

नोट :– 1. उपरोक्त दर के अलावे किसी प्रकार की अन्य राशि देय नहीं होगी।

2. उपरोक्त दर न्यूनतम एक वर्ष हेतु मान्य होगा।

3. दर का Computation Chart संलग्न करें।

दिनांक :– ............................

आवेदक का हस्ताक्षर एवं मुहर सहित

**************************